# विचार मासिक पत्रिका

कुल पृष्ठ 16, वर्ष 5, अंक 56 | माह - अगस्त 2023, मूल्य : नि:शुल्क

**शुभारंभ -**
ग्राम मनेसिया कला में निताई प्ले स्कूल की शुरूआत हुई

**इंटर्नशिप -**
एलपीयू, यूपीईएस के छात्र-छात्रा कर रहे हैं समिति में इंटर्नशिप

**शिक्षा -**
लीफी चेंजमेकर्स फैलोशिप के शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ



**तैयारियां : विचार ध्वजारोहण उत्सव**

# पदाधिकारी



**कपिल मलैया**
संस्थापक अध्यक्ष



**सुनीता अरिहंत**
कार्यकारी अध्यक्ष



**सौरभ रांधेलिया**
उपाध्यक्ष



**आकांक्षा मलैया**
सचिव



**विनय मलैया**
कोषाध्यक्ष



**नितिन पटैरिया**
मुख्य संगठक



**अखिलेश समैया**
मीडिया प्रभारी



**हरगोविंद विश्व**
मार्गदर्शक



**राजेश सिंघई**
मार्गदर्शक



**श्रीयाँश जैन**
मार्गदर्शक



**गुलज़ारी लाल जैन**
मार्गदर्शक



**प्रदीप रांधेलिया**
मार्गदर्शक



**अंशुल भार्गव**
मार्गदर्शक



**डॉ. स्वप्निल बी. मंत्री**
मार्गदर्शक

# उल्लास के साथ मनाया जाएगा ध्वजारोहण उत्सव, व्यापक स्तर पर तैयारियां





विचार समिति 77 वें स्वतंत्रता दिवस को पूरे शहर में व्यापक स्तर पर मनाने की तैयारियां कर रही है। राष्ट्रीय पर्व पर शहर में स्वतंत्रता दिवस की धूम रहेगी। समिति 15 अगस्त को शहर के 125 से अधिक स्थानों पर ध्वजारोहण करने जा रही है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक स्थान पर कम से कम 200 नागरिक शामिल होंगे। इस प्रकार ध्वजारोहण कार्यक्रम में 25 हजार से अधिक नागरिक प्रत्यक्ष रूप से शामिल होकर इस महान पर्व को मनाएंगे। भारत को अपनी स्वतंत्रता के लिए लगभग 200 वर्षों तक लगातार अंग्रेजों से संघर्ष करना पड़ा। इस दिन को हम स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और उनके द्वारा बलिदान किए गए जीवन को अपने हृदय में स्थान देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। 15 अगस्त 1947 को भारत पूरी तरह आजाद हो गया और अंग्रेज भारत से सदा के लिए विदा हो गये। तब से हमारे देश में देशवासियों का शासन होने लगा। उसी आजादी की याद में हम हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। हमारे देश के इतिहास में 15 अगस्त, 1947 का दिन बड़ा महत्वपूर्ण दिन है।

# ध्वजारोहण उत्सव की बैठकें



**ध्वजारोहण की तैयारियों के बारे में बताते हुए विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया।**

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह को व्यापक स्तर पर मनाने के लिए जुलाई माह से विचार समिति में तैयारियां की जा रही है। मोहल्ला विकास योजना से जुड़े परिवारों एवं सहयोगियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों की बैठक मैजेस्टिक प्लाजा में हुईं। बैठक में मोहल्ला विकास योजना से जुड़े परिवारों, सहयोगी संस्थाओं, समाजसेवी व धार्मिक क्षेत्रों में संलग्न समितियों का एकत्रीकरण कर इस महापर्व के सभी पक्षों पर चर्चा की गई। बैठक में सभी सदस्यों को समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने जानकारी दी, जो इस प्रकार है।

- 15 अगस्त को शहर के 125 से अधिक स्थानों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रत्येक स्थान पर कम से कम 200 नागरिक शामिल होंगे। इस प्रकार ध्वजारोहण कार्यक्रम में 25 हजार से अधिक नागरिक प्रत्यक्ष रूप से शामिल होकर इस महान पर्व को मनाएंगे।
- प्रत्येक केंद्र को सुसज्जित व सुव्यवस्थित करके ध्वजारोहण स्थल तैयार करेंगे।
- तिरंगा फहराने का पूरा प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- जूम टेक्नालॉजी से जुड़ने के लिए जैसे प्रोजेक्टर या लेपटाप या टीवी स्क्रीन या मोबाइल द्वारा माइक की सहायता से उद्धबोधन कार्यक्रम में शामिल होकर सभी केन्द्र एक साथ एक समय पर जुड़ेंगे।
- प्रत्येक केंद्र पर 25 से 30 लोगों का सम्मान किया जावेगा। जैसे मेघावी छात्र-छात्राएं, अच्छे सामाजिक कार्य करने वाले, वरिष्ठ नागरिक, अन्य कोई बड़ी उपलब्धि वाले नागरिक, भूतपूर्व सैनिक कर्मी परिवार आदि व्यक्ति शामिल रहेंगे।
- सम्मान समारोह में गोमय शील्ड, गोमय माला, सर्टिफिकेट का वितरण किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर कल्पवृक्ष का रोपण किया जाएगा।
- प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर अपनी स्वेच्छानुसार आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों के साथ इस राष्ट्रीय पर्व को परिवार सहित उत्साहपूर्वक मनायें।
- प्रत्येक केंद्र पर ध्वजारोहण ठीक 8 बजे एक साथ समस्त तैयारियों के साथ संपन्न होगा।

# ध्वजारोहण करने की विधि

हमारा राष्ट्रीय तिरंगा और इसकी आन-बान-शान के लिए हम सब मिलकर स्वतंत्रता के इस पावन पर्व को हर्ष उल्लास के साथ, इष्ट मित्रों, परिवार सहित मोहल्ले के साथ इस बार पुन: विचार समिति के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस उत्सव के साथ मनाएंगे । आइए हम ध्वज को सही तरीके से बांधने का क्रमबद्ध तरीका समझते हैं।

- सबसे पहले पाइप को टंकी के सहारे मजबूती से रस्सी को गिर्री में डालकर पाइप को खड़ा करेंगे।
- इसके पश्चात केसरिया रंग के ऊपर गिल्ली लगी हुई है, गिल्ली में सरक फूँद गठान बांधे एवं निचले हिस्से के सर्किल में मजबूत सामान्य गठान लगा ले। इसके पश्चात सहयोगियों की सहायता से तिरंगे को फैला लें।
- 24 तीलियां आसमान की ओर हो और इसमें गुलाब की पंखुड़ियों के साथ फूल बिछा लें।
- ध्वज को 70 प्रतिशत ऊपर-नीचे फोल्ड करें, इसके पश्चात ऊपर की तरफ बीच में से मोड़े। दुबारा ऐसें मोड़ें कि हरा कलर नीचे आ जाये।
- ध्वज को तकिया नुमा मोड़ें, ध्वज में निचले हिस्से की रस्सी को लपेटते हुए सरकफूँद बनाएं।

**QR कोड स्कैन करके ध्वजारोहण की पूरी प्रक्रिया को आसानी से समझ सकते हैं**




- ध्वज के ऊपरे हिस्से की रस्सी को आहिस्ता-आहिस्ता खींचते हुए ध्वज को ऊपर ले जाएं एवं रस्सी को पाइप से मजबूती के साथ बांध दें। ऊपर पहुंचने के बाद नीचे की रस्सी को हल्के सहारे से खींचें एवं ध्वजारोहण संपन्न करें।
- मुख्य संगठन नितिन पटैरिया ने झंडा बांधने की पूरी प्रक्रिया को वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया है आप सभी इस वीडियो को देखें एवं ध्वजारोहण की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझ सकते है।

## प्रत्येक केंद्र पर होगा सम्मान

राष्ट्र निर्माण में सभी नागरिकों का योगदान होता है। विचार समिति प्रत्येक केंद्र पर मेधावी छात्र-छात्राओं, वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यों में संलग्न एवं भूतपूर्व सैनिक परिवारों का सम्मान करेगी। मार्गदर्शक श्रीयांस जैन बताते है हम सभी के बीच ऐसे बहुत सारे लोग होते है जो सामाजिक बदलाव में भागीदार होते हैं, समाज के उन्ययन में हमेशा कार्यरत रहते है। हमारा उद्देश्य इन्हीं व्यक्तियों को सम्मान देना और प्रोत्साहित करना है। इसलिए हम प्रत्येक केंद्र पर 25 से 30 लोगों को सम्मानित करने जा रहे है। सभी समन्वयक एवं संयोजक 5 तारीख तक निश्चित रूप से समिति कार्यलय में सम्मान करने वाले की लिस्ट जमा करें। जिससे सम्मानित व्यक्ति का नाम एवं उसके कार्य को अंकित किया जा सके।

## तीन हजार गोमय शील्ड की जा रही तैयार

विचार समिति ध्वजारोहण कार्यक्रम के माध्यम से तीन हजार व्यक्तियों का गोमय शील्ड से सम्मान करेगी। यह शील्ड मोहल्ला विकास की जरूरतमंद महिलाएं तैयार कर रही हैं। जिससे उन्हें रोजगार भी मिल रहा है।

**स्मृति शौर्य यात्रा -** सागर के वीर बलिदानियों, सामाजिक बदलाव के वाहक, एवं विभिन्न सामाजिक कार्यक्षेत्रों की झाकियों के साथ स्मृति शौर्य यात्रा 10 अगस्त से 14 अगस्त तक केंद्रों पर जाएगी




## सहायकों ने व्यक्त किये अपने विचार

नरेश यादव सिविल लाइन में ध्वजारोहण उत्सव मनाने जा रहे हैं। वे बैठक में कहते हैं हम डिजिटल दुनिया में अपनी भावनाओं को खोते जा रहे हैं। स्मृति शौर्य यात्रा हमारी यह भावनाओं की यात्रा है। हमें एक चौकीदार से लेकर कामगार महिलाओं को सम्मानित करना होगा। उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन में 7,62,232 सूली पर लटकाये गए भारतीयों को याद किया। उन्होंने कहा यह हमारी विडंबना है कि हमें 100 लोगों का भी नाम पता नहीं होगा। हमारी यह यात्रा इन सभी बलिदानों को याद करने की यात्रा है। आलोक जैन ने ध्वजारोहण उत्सव को बड़े ही उत्साह से मनाने को प्रोत्साहित किया एवं उन्होंने कहा हमारा पूरा सहयोग है। मधु मौर्य ने विचार समिति द्वारा किए गए पिछले झंडा वंदन कार्यक्रम एवं अन्य परियोजनाओं की जानकारी साझा की ध्वजारोहण उत्सव को मनाने के उत्साह दिखाया। मनीष दुबे ने सागर के मधुकर शाह के ऐतिहासिक वृतांत को सभी के साँझा किया।

# ध्वजारोहण स्थान की सूची

| क्रमांक | नाम | पता |
|---|---|---|
| 1 | श्री कौशल सोनी जी | छत्रसाल अखाड़ा, रामपुरा वार्ड |
| 2 | श्री अरुण दुबे जी /श्री शरद मोहन दुबे जी | वसंत विहार कॉलोनी, शिवाजी वार्ड |
| 3 | श्री नरेश यादव जी | तिली वार्ड, सागर |
| 4 | श्री संदीप रघुवंशी जी | आई टी आई मैदान संत रविदास वार्ड |
| 5 | श्री अशोक खरे जी | बंगला नं 9 कैंट, सदर |
| 6 | श्री संजय शक्कर जी | अंकुर कालोनी, मकरोनिया |
| 7 | श्री आलोक जैन जी | बालक हिल व्यू , मंदिर |
| 8 | श्री अमित चौधरी जी | सानौधा |
| 9 | श्री वीरेन्द्र कलसिया जी विनीता केशरवानी जी–1 | मिश्रा क्लासेज गली डॉ. डालचंद के बाजु में लेमन बिल्डिंग सदर |
| 10 | श्री संजीव दिवाकर जी | दिवाकर बंगला, लक्ष्मीनगर वार्ड |
| 11 | श्रीमती प्रभा साहू जी | भगवानगंज वार्ड |
| 12 | दीप्ति पटेल जी | 26 नंम्बर गेट |
| 13 | श्री ममता अहिरवार जी | तुलसीनगर वार्ड |
| 14 | पूनम मेवाती जी | तिलकगंज वार्ड |
| 15 | नीतू पटेल जी | माडिया विठ्ठल नगर |
| 16 | मंजू रैकवार जी/ तुलसीराम रैकवार | गंगा मंदिर रानीपुरा |
| 17 | ज्योति सराफ जी | अंकुर कालोनी, जैन मंदिर के पास |
| 18 | हीरालाल जैन जी/ज्योति सराफ जी | अंकुरएक्सटेंशन मकरोनिया ऋषभ नाथ देव स्थानम |
| 19 | जुगल सोनी जी/ज्योति सराफ जी | बंडा रोड मकरोनिया, तनिष्क शोरुम |
| 20 | सिद्धार्थ जैन/विभा जैन /ज्योति सराफ जी | वर्धमान नोटबुक इंडस्ट्रीज पटकुई गांव |
| 21 | राजेश प्रजापति जी/ज्योति सराफ जी | पी एल पी कान्वेंट स्कूल कर्रापुर गांव |
| 22 | डॉ. नीरज जैन जी /ज्योति सराफ | कल्पतरु चिकित्सालय, बंडा रोड |
| 23 | डॉ. लखन पटेल जी | मातृछाया, क्लिनिक नर्सिंग होम |
| 24 | अवदेश रजक जी | हाट पथरिया |
| 25 | श्री चम्पक भाई जी | वंदन होटल, गुजराती बाज़ार (एकता समिति ) |
| 26 | श्री विजय जैन सरकार | नगर निगम, अपराजिता मददगार योद्धा समिति |
| 27 | मनेसिया स्कूल | निताई पब्लिक स्कूल मनेसिया |
| 28 | श्री सोनू यादव जी | पगारा |
| 29 | श्रीमती निर्मला दीदी जी | ग्राम मोठी |
| 30 | सुरेश होलानी जी योगा परिवार/संजय गुरु कृपा | साहू धर्मशाला सागर जैन विद्या भवन खुरई रोड, (दानापानी सुभाष नगर) |
| 31 | श्री शशांक ठाकुर जी एच. एल. टी | भगवानगंज वार्ड |
| 32 | प्रीती केशरवानी जी | बड़ी माता |
| 33 | नीता केशरवानी जी | |
| 34 | विनीता केशरवानी जी –2 | शास्त्री चौक, सदर |
| 35 | श्री बाबू लाल पटेल जी/विनीता केशरवानी जी –3 | रानीपुरा |
| 36 | नीलू केशरवानी जी/ विनीता केशरवानी जी –4 | जनता गैस एजेंसी वाली गली, शिवशंकर निवास, तिलकगंज |
| 37 | निशी केशरवानी जी | कजली वन मैदान, सदर |
| 38 | हिमांशी जैन जी | जनता स्कूल |
| 39 | संकल्प मलैया जी | |
| 40 | सुनील सागर जी | मोतीनगर |
| 41 | आकाश जी / नेहा चढ़ार जी | सिहोरा आंबेडकर मूर्ति के पास |
| 42 | सौरभ रांधेलिया जी / प्रीती यादव | घरोंदा आश्रम |
| 43 | सौरभ रांधेलिया जी / देवेन्द्र सेन जी | आनंद वृद्ध आश्रम, संत रविदास वार्ड |
| 44 | मीना पटेल जी | सेमरा बाग़ |
| 45 | श्रीमति सीमा ठाकुर जी | पगारा |
| 46 | श्रीमति कान्ति दीदी जी | हनुमान पायेगा |
| 47 | श्री भूपेंद्र घोषी जी | ठाकुर बाबा मंदिर के पास– खुरई रोड सागर |
| 48 | हिमांशु/सुगम विश्वकर्मा जी | भूतेश्वर कॉलोनी बाल्मीकि भवन |
| 49 | दीपा रैकवार जी | शिव मंदिर के सामने केशवगंज वार्ड |
| 50 | नवीन सोनकर/अक्षय जी | दीनदयाल नगर मकरोनिया |
| 51 | सुधीर जी गुप्ता/जयदीप प्रजापति/सुमित रैकवार /आदित्य | बाईसा मोहल्ला नरयावली नाका वार्ड |
| 52 | हरिकिशन जी/मनोरमा गौर जी | संत कवीर वार्ड |
| 53 | राज गौतम जी | इतवारी टोरी, चन्द्रशेखर वार्ड |
| 54 | रामशंकर जी / महेंद्र जी तोमर/द्रास यादव | शहीद चौक, गुरु गोविन्द सिंह वार्ड |
| 55 | मानशू जी कोष्टी/तरुण जी | सूबेदार वार्ड |
| 56 | त्रिभुवन पाठक जी | गोपालगंज पोद्दार कॉलोनी |
| 57 | देवांग लोधी जी/मनीष जी दुबे | पीतल फैक्ट्री लेदरानाका |
| 58 | अनीता सुरेश कुमार जैन जी | तिलकगंज वार्ड संगम टी कंपनी |
| 59 | शारुख खान जी | मुबीन पुरा |
| 60 | सविता मिश्रा जी | संत रविदास वार्ड |
| 61 | खुशबू जैन जी | अरिहंत विहार कॉलोनी |
| 62 | सरिता जैन जी | आदिनाथ मेडिको, कटरा |
| 63 | सचिन राजकमल | भाग्योदय |
| 64 | दीपक वर्मा जी | गोपालगंज |
| 65 | पूजा पड़ेले जी | चंद्रा पार्क, कालीचरण चौराहे के पास |
| 66 | नीता राजकुमार बरा | आई टी आई के सामने |
| 67 | किडजी स्कूल नेहा नगर,मकरोनिया | नेहा नगर,मकरोनिया |
| 68 | मुक्ता जैन जी /नीपा दिवाकर जी | मकरोनिया, आनंद नगर रजाखेडी, संत भवन में |
| 69 | राहुल साहू जी | पाटन |
| 70 | हरनाम सिंह चढ़ार जी | राहतगढ़, बस स्टैंड के पास |
| 71 | सुरेश पिंजवानी जी | नया बाज़ार, सागर कटरा |
| 72 | अमित राय जी | सागर गल्ला मंडी |
| 73 | कविता यादव/प्रियंका साहू जी/ सरिता गुरु जी | संत रविदास वार्ड, भूतेश्वर वार्ड, सागर |
| 74 | पूजा मिश्रा जी LIFI | शमशान घाट रोड, विठ्ठल नगर, माडिया सागर |
| 75 | ऋतू पटेल जी LIFI | 27 नंबर रेलवे गेट के पास, सदर |
| 76 | उर्मिला वर्मा जी | गुरु गोविन्द सिंह वार्ड |
| 77 | मनीष अग्रवाल जी डी–काट शोरुम | डी–काट शोरुम |
| 78 | ममता अंकित रैकवार | पगारा रोड शास्त्री वार्ड |
| 79 | सुनीता पडवार जी | बाहुबली कॉलोनी, सागर |
| 80 | डॉ. रामानुज गुप्ता वंदना गुप्ता जी | शिवराम शिशु अस्पताल, विजय टाकीज रोड, मोतीनगर |
| 81 | दीपा राजेश सिंघई जी –2 | |
| 82 | पिंकी पटेल जी/उमा पटेल जी | 26 नंबर गेट परेट कैंट |
| 83 | अंजना पटेल जी | राजीव नगर वार्ड, पटेल मंदिर |
| 84 | पायल पटैरिया जी | सदर |
| 85 | प्रशांत रश्मि जैन जी | शनिचरी वार्ड, सागर |
| 86 | मंजू सतभैया जी | विजय टाकीज, सागर |
| 87 | आनंद हैला जी | मोती बाबा मंदिर सदर |
| 88 | अनिमेष समैया जी शीशा महल | गाँधी चौक वार्ड, तरन–तरण चैत्यालय के पास |
| 89 | विनोद विश्वकर्मा जी | मलैया ट्रैक्टर्स, सागर ब्रांच |
| 90 | शाहगढ़, ओमकार सिंह ठाकुर जी | मलैया ट्रैक्टर्स, शाहगढ़ ब्रांच |
| 91 | बंडा | मलैया ट्रैक्टर्स, बंडा ब्रांच |
| 92 | गढ़ाकोटा | मलैया ट्रैक्टर्स, गढ़ाकोटा ब्रांच |
| 93 | रहली | मलैया ट्रैक्टर्स, रहली ब्रांच |
| 94 | देवरी, नरेश रैकवार | मलैया ट्रैक्टर्स, देवरी ब्रांच |
| 95 | केसली | मलैया ट्रैक्टर्स, केसली ब्रांच |
| 96 | जैसीनगर | मलैया ट्रैक्टर्स, जैसीनगर ब्रांच |
| 97 | राहतगढ़ | मलैया ट्रैक्टर्स, राहतगढ़ ब्रांच |
| 98 | बांदरी | मलैया ट्रैक्टर्स, बांदरी ब्रांच |
| 99 | आकाश बजाज जी | राय हॉस्पिटल, मकोनिया |
| 100 | विचार समिति कार्यालय | श्री कपिल मलैया जी निवास |
| 101 | रजनी सोनम डबडेरा जी | आई टी आई |
| 102 | केशरानी पटेल जी | तिलकगंज वार्ड |
| 103 | हरीश कुमार कोरी जी | आरएसएस कॉलोनी शिवमंदिर पार्क, विठ्ठल नगर वार्ड |
| 104 | रोहणी साहू जी | कछ्याना मकान 164, प्लेट फार्म 1 नाले के पास, सदर |
| 105 | श्री पवन पटेल जी | 1 मुहाल कछ्याना, सदर |
| 106 | श्री प्रमेन्द्र घोषी जी | वार्ड 17 गुरु गोविन्द सिंह वार्ड, सागर |
| 107 | श्री नरेन्द्र साहू जी (गोल्डन मसाला) | मोहन नगर वार्ड, हनुमान मंदिर |
| 108 | श्री अनिल अवस्थी जी | श्रीराम नगर, गोपालगंज वार्ड |
| 109 | विनीता केशरवानी जी मकरोनिया | वृन्दावन गार्डन, अजवानी बिल्डर्स, डॉ. चौकसे के सामने मकरोनिया |
| 110 | रश्मि ऋतु जैन जी | वर्णी कॉलोनी सागर (मप्र) |
| 111 | श्री राजकुमार पड़ेले जी | चूना डाट के सामने |
| 112 | श्री महेंद्र सेन जी | छत्रसाल कॉलोनी के सामने मढ़िया |
| 113 | श्रीमति मधु मौर्य जी | पुरानी सदर |
| 114 | फास्ट एकेडमी | दीनदयाल नगर, मकरोनिया |
| 115 | तपोवन | चनाटोरिया |

# "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम में विचार समिति से 10 वॉलेंटियर ने बच्चों को किया प्रोत्साहित



शासकीय मोतीलाल नेहरू स्कूल में शिक्षकों, बच्चों के साथ अध्यक्ष कपिल मलैया

"स्कूल चलें हम अभियान" को जन आंदोलन में बदलने के लिए 17 से 19 जुलाई तक प्रदेश की समस्त शासकीय शालाओं में जन-समुदाय की सहभागिता में "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम संचलित किये गए। विचार समिति से शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करने के लिए समिति अध्यक्ष कपिल मलैया के साथ 10 वालंटियर ने "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने शासकीय मोतीलाल नेहरू स्कूल कटरा, सागर प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंटकर अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साँझा किया उन्होंने कहा शिक्षा का पहला लक्ष्य अच्छा इंसान बनाना है, ज्ञान जहाँ से मिले सीखना चाहिए। जीवन में अच्छी शिक्षा एवं अच्छी चीजों को सीखना हमेशा काम आता है। सफल भी वही लोग है जो अच्छा काम करते है। बच्चों को क्रियाविधि के माध्यम से संस्कार, व्यवहार और व्यवसाय के तालमेल को समझाया। कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता जैन ने सुभाष नगर में शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों को कहानियां सुनाई उन्होंने कहा कहानियां काल्पनिक और रोमांचक होती हैं और ऐसे हम बच्चों तक अपनी परंपराएं और संस्कृति पहुँचाते हैं। कविता यादव ने प्राथमिक शाला बॉयस स्कूल मैं बच्चों को शिक्षा से जोड़ा। ज्योति जैन ने मढ़देवरा में शासकीय जीएमएस स्कूल में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोहत्साहित किया उन्होंने कहा शिक्षकों का बहुत स्नेह मिला। काजल जैन ने एमएलबी 1 में जाकर बच्चों को संख्यात्मक पहलुओं को समझाया। माधव यादव ने शासकीय मोतीलाल नेहरू स्कूल बच्चों को व्यवहारिक जीवन में शिक्षा को नियमित रूप से शामिल करने की सलाह दी। बेहतर भविष्य के लिए प्रेरक प्रियंका साहू, रितु पटेल, शिवानी पटेल ने अपने अनुभवों को साझा किया।

# गांव को बदलने का शिक्षा हमारा पहला कदम है : कपिल मलैया

## ग्राम मनेसिया कला में निताई प्ले स्कूल का शुभारंभ



**मनेशिया गांव में निताई प्ले स्कूल शुभारंभ ।**

विचार समिति द्वारा संचालित निताई प्ले स्कूल का शुभारंभ ग्राम मनेसिया कला में किया गया। कार्यक्रम में विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि शिक्षा हमारा पहला कदम है, गांव को बदलने का, प्राचीन भारत में गुरुकुल परंपरा शिक्षा व्यवस्था पूरे विश्व में सबसे अच्छी थी। आजकल हम देख रहे हैं बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। इसका कारण विदेशी सभ्यता का शिकार हो रहे हैं। हम यह नहीं कह रहे कि सब कुछ बुरा ही है जो सही है उसे अपनाने की जरूरत है। निताई प्ले स्कूल में संस्कार के साथ अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। गांव के विकास के लिए चिंतन-मनन किया जाएगा। आपके प्रेम-विश्वास से 100% परिवर्तन देखने को मिलेगा। शिक्षकों को प्रोत्साहित करना होगा। हमें प्रतिभाओं को मौका देना होगा। शिक्षा एवं शिक्षक का सम्मान करिये। कुश्ती महासंघ कौशल सोनी ने समस्त ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निताई प्ले स्कूल में संस्कार के साथ-साथ अच्छी शिक्षा मिलेगी। मनेसिया ग्राम शिक्षा के क्षेत्र में एक अपनी अलग जगह बनाएगा। बड़ी-बड़ी बिल्डिंग से नहीं अपितु अच्छा ज्ञान अच्छे शिक्षकों से मिलता है। रिछारिया पंडित जी ने समस्त ग्राम वासियों से आग्रह किया कि हम सब शिक्षकों का मनोबल बढ़ाएं यह स्कूल हमारे बच्चों के भविष्य को संवारेगा। हमसे जितना सहयोग हो सकेगा हम करेंगे।

विचार समिति कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने समस्त ग्राम वासियों से शिक्षा की आवश्यकताओं पर बातचीत की। उन्होंने कहा की हमें बच्चों की माताओं को भी शिक्षा से जोड़ना होगा। जब माताएं अपने बच्चों को पढ़ाता देखेगी तो निश्चित तौर पर बेहतर शिक्षा के लिए प्रयास करेगी। पूजा प्रजापति एवं भाग्यश्री राय ने साक्षरता एवं प्रकृति को संदेश देने की क्रियात्मक गतिविधि करवाई।

# लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की छात्रा कर रही हैं विचार समिति में इंटर्नशिप

सुप्रभा कुमारी लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब से बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन की पढ़ाई कर रही है उन्होने विचार समिति द्वारा सामुदायिक विकास की परियोजनाओं और सामाजिक प्रभाव की पहल में कार्य किया।

सुप्रभा कुमारी ने बताया कि मैं विचार के समर्पण और विभिन्न सामुदायिक परियोजनाओं के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करती हूं। शिक्षा, पर्यावरण और समाज के क्षेत्र में उन्होंने जो प्रभावपूर्ण कार्य किया है वह सराहनीय है और यह स्पष्ट है कि उनकी टीम की प्रतिबद्धता सार्थक बदलाव ला रही है। वहां मेरी मुलाकात ऐसे कई लोगों से हुई जो बदले में कुछ भी लिए बिना समुदाय के विकास में अपना सहयोग देने को तैयार हैं। वहां मेरी मुलाकात प्रभा जी से हुई जो 10 वर्षों से छात्रों को निःशुल्क में पढ़ा रही हैं, साथ ही हमारे समाज को बेहतर बनाने के लिए अपनी कॉलोनी की महिलाओं का मार्गदर्शन भी कर रही हैं। विचार समिति 1 से 10 उम्र तक के स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को स्टेशनरी उपलब्ध कराने के साथ-साथ निःशुल्क कक्षाएं भी प्रदान कर रही है। समिति ने मंगलगिरि पहाड़ी पर पेड़ लगाकर पूरी पहाड़ी को हरा-भरा किया।

विचार समिति गाय के गोबर से ऐसे उत्पाद बना रही हैं जो पर्यावरण के अनुकूल हैं गोमय उत्पादों को बनाने से लोगो को रोजगार मिल रहा है।



इंटर्नशिप पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र प्राप्त किया

स्वरोजगार के लिए लोगों को मार्गदर्शन दे रहे हैं कि वे अपना खुद का व्यवसाय कैसे शुरू करें और आत्मनिर्भर बनें।

मेरा सुझाव है कि समिति के लिए सोशल मीडिया पर अधिक प्रभावी रूप से काम करना चाहिए जिससे समिति अपने उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को लोगो तक पंहुचा सकती है।

सफलता की कहानियों, प्रशंसापत्रों और प्रगति रिपोर्टों के साथ अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म को नियमित रूप से अपडेट करने से व्यापक दर्शक वर्ग जुड़ सकता है और संभावित दानदाताओं को शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

अंत में मैं आपके सभी प्रयासों में विचार समिति की निरंतर सफलता की कामना करती हूं। आपका समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है।

# लीफी चेंजमेकर्स फेलोशिप के तहत तीन दिवसीय औपचारिक निरीक्षण



**लर्निंग इनीशिएटिव फॉर इंडिया द्वारा पूर्व एवं नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण श्री आनंदपुर साहेब पंजाब में सपन्न हुआ।**

लीफी चेंजमेकर्स फेलोशिप के तहत तीन दिवसीय औपचारिक निरीक्षण पिछले एक वर्ष से संचालित समुदायों एवं शासकीय स्कूल में लर्निंग इनीशिएटिव फॉर इंडिया से बबली झुलारा ने किया । पहले दिन आर्ट ऑफ लिविंग भगवान गंज स्कूल में बच्चों की प्रगति को जाना, शिक्षक रितु पटेल ने अक्षर ज्ञान से जुड़े पहलुओं को समझाया। इसके बाद उन्होंने बच्चों से बातचीत की एवं एक्टिविटीज करवाई, जिसमें 1 से 9 तक की संख्याओं का योग 15 हल करना था। दिशा निर्देशित करते हुये अगली कड़ी में शिक्षक ज्योति जैन के समुदाय के बच्चों से बातचीत की एवं बच्चों को कहानियों से जोड़ा। शिक्षक शिवानी पटेल प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को शिक्षित कर रही है, उनका कहना बच्चों के साथ बहुत ही काम करने ही आवश्यकता है। बच्चों के बेसलाइन असिस्मेंट के जरिए ज्ञानात्मक स्तर को परखा गया। शिक्षक राखी के बाद शिक्षक प्रियंका, शिक्षक कविता के समुदायों बच्चों से मुलाक़ात की।

इस अभियान का लक्ष्य ऐसे कई बच्चे होते हैं जो स्कूलों में नामांकित तो हैं परन्तु जाते नहीं है या अन्य कारणों से जा नहीं पाते हैं। जिसके कारण स्कूलों में छात्रों की निरंतरता एवं शिक्षा की गुणवत्ता में काफी गिरावट आती है। इस अभियान के तहत बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# लीफी चेंजमेकर्स फैलोशिप के पूर्व एवं नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न




विचार समिति एवं लर्निंग इनीशिएटिव फॉर इंडिया के सयुंक्त तत्वावधान में चलाया जा रहा है अभियान।

विचार समिति एवं लीफी के सयुंक्त तत्वावधान में लीफी चेंजमेकर्स फैलोशिप एवं स्कूल चले हम अभियान चलाया जा रहा है। एक वर्ष बाद पुनः सभी पूर्व एवं नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण आनंदपुर साहेब पंजाब में संपन्न हुआ। विशेषज्ञों ने समझया कि बच्चों की कक्षा कैसे लेनी है, किस तरह से बच्चों को अक्षर का ज्ञान और गणित के अंक पहचानना, गिनती करना सिखाएं, जोड़-घटाना करना सिखाएं, गुणा करना सिखाएं, भाग देना बताएं। अगर बच्चे कुछ समझ नहीं पाते है तो उन्हें क्रियाविधि के माध्यम से समझाएं जिससे सीखने की प्रक्रिया मनोरंजन पूर्ण बन सके। नई नई एक्टिविटी जैसे :- बिंजो, ज़िप जेप बोल, आगे पीछे का गेम आदि बहुत सारी एक्टिविटीज सिखाई जो हम बच्चों को सिखा सकते है।

**प्रशिक्षण की विधियां इस प्रकार हैं -**

1. सभी बच्चों को एक सर्किल में लाओ जिससे सभी बच्चे एक दूसरे को देखे और एक दूसरे से बाते करे।
2. बच्चों को जो सिखा रहे हैं उसके लिए सभी बच्चों का ग्रुप बनाओ और उनसे कहो की आपस में ही बातचीत करो।
3. यदि बच्चे रूचि नहीं ले हैं तो बच्चो को क्रियाविधि के साथ पढ़ाये।

हमारा लक्ष्य समाज को शिक्षा के प्रति उदासीनता से निकालकर सकारात्मक करना है। स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ना, बौद्धिक स्तर में सुधार लाना, पुनः स्कूलों में दाख़िला दिलाना है। पढ़ सके और आगे बढ़ सके इसके लिए पाठ्यक्रम के साथ उन्हें अनुभव प्रदान किया जा रहा है। आपसी सहयोग से यह योजना सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ सकती है। सेसन सत्र में यूथ टीचर्स को पढ़ाने के लिए बाहर से कई मेंबर्स आए थे जिन्होंने टीचर्सो को गाइड किया जिसमे कुशल, सुमैया, राहुल, गायत्रीडे, उल्लास, नेहा मेहरा, लीफी संस्थापक रमन बहल, विचार समिति कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत आदि ने युवा टीचर्स लीडर्स के आगामी सत्र की तैयारी करवाई।

दैनिक भास्कर

सागर 06-07-2023

# हमारी गुरुकुल परंपरा की शिक्षा व्यवस्था पूरे विश्व में सबसे अच्छी थी : मलैया



ग्राम मनेसिया कला में निताई प्ले स्कूल का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर ग्रामीण उपस्थित थे।

भास्कर संवाददाता | सागर

विचार समिति द्वारा संचालित निताई प्ले स्कूल का शुभारंभ ग्राम मनेसिया कला में किया गया। समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि गांव को बदलने का शिक्षा हमारा पहला कदम है। प्राचीन भारत में गुरुकुल परंपरा की शिक्षा व्यवस्था पूरे विश्व में सबसे अच्छी थी। आजकल के दौर में बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। इसका कारण विदेशी सभ्यता हैं। हम यह नहीं कह रहे है कि सब कुछ बुरा ही है। जो सही है उसे अपनाने की जरूरत है। निताई प्ले स्कूल में संस्कार के साथ अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। गांव के विकास के लिए चिंतन-मनन एवं कार्य किया जाएगा। आपके प्रेम-विश्वास से परिवर्तन देखने को मिलेगा। हमें शिक्षकों को प्रोत्साहित और प्रतिभाओं को मौका देना होगा। कुश्ती महासंघ के कौशल सोनी ने कहा कि इस स्कूल में संस्कार के साथ-साथ अच्छी शिक्षा मिलेगी। मनेसिया ग्राम शिक्षा के क्षेत्र में एक अपनी अलग जगह बनाएगा। बड़ी-बड़ी बिल्डिंग से नहीं अपितु अच्छा ज्ञान अच्छे शिक्षकों से मिलता है। पंडित रिछारिया ने कहा कि यह स्कूल हमारे बच्चों के भविष्य को संवारेगा। हमसे जितना सहयोग हो सकेगा हम करेंगे। विचार समिति कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने कहा कि हमें बच्चों की माताओं को भी शिक्षा से जोड़ना होगा। पूजा प्रजापति एवं भाग्यश्री राय ने साक्षरता एवं प्रकृति के प्रति क्रियात्मक गतिविधि करवाई। प्रिंसिपल प्रियंका कुशवाहा ने कहा कि बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से किताबी ज्ञान से जोड़ना होगा। इस दौरान भाग्यदेवी सुंदर सिंह, नरेंद्र ठाकुर, आकाश जैन, सुरेशचंद्र, गजराज राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। संचालन साक्षी दांगी ने किया।

# गांव को बदलने का शिक्षा हमारा पहला कदम है: कपिल मलैया



**सागर, देशबन्धु।** विचार समिति द्वारा संचालित निताई प्ले स्कूल का शुभारंभ ग्राम मनेसिया कला में किया गया। कार्यक्रम में विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि शिक्षा हमारा पहला कदम है, गांव को बदलने का, प्राचीन भारत में गुरुकुल परंपरा शिक्षा व्यवस्था पूरे विश्व में सबसे अच्छी थी। आजकल हम देख रहे हैं बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। इसका कारण विदेशी सभ्यता का शिकार हो रहे हैं। हम यह नहीं कह रहे कि सब कुछ बुरा ही है जो सही है उसे अपनाने की जरूरत है। निताई प्ले स्कूल में संस्कार के साथ अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। गांव के विकास के लिए चिंतन मनन काम किया जाएगा। कुश्ती महासंघ कौशल सोनी ने कहा कि निताई प्ले स्कूल स्कूल में संस्कार के साथ-साथ अच्छी शिक्षा मिलेगी। मनेसिया ग्राम शिक्षा के क्षेत्र में एक अपनी अलग जगह बनाएगा। बड़ी-बड़ी बिल्डिंग से नहीं अपितु अच्छा ज्ञान अच्छे शिक्षकों से मिलता है। निताई प्ले स्कूल प्रिंसिपल प्रियंका कुशवाहा ने कहा बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से किताबी ज्ञान से जोड़ना होगा। हमारे स्कूल की शुरुआत कक्षा नर्सरी से सेकेंड कक्षा तक है। हमारा लक्ष्य नर्सरी से 12 वी कक्षा तक ले जाना है। मंच संचालन कर रही साक्षी दांगी ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, ग्रामवासियों के लिए निताई प्ले स्कूल की जानकारी दी।

# गांव को बदलने का शिक्षा हमारा पहला कदम है: कपिल मलैया

## ग्राम मनेसिया कला में निताई प्ले स्कूल का शुभारंभ

सागर दिनकर



**सागर।** कार्यक्रम में विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि शिक्षा हमारा पहला कदम है। गांव को बदलने का, प्राचीन भारत में गुरुकुल परंपरा शिक्षा व्यवस्था पूरे विश्व में सबसे अच्छी थी। आजकल हम देख रहे हैं बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। इसका कारण विदेशी सभ्यता का शिकार हो रहे हैं।

हम यह नहीं कह रहे कि सब कुछ बुरा ही है जो सही है उसे अपनाने की जरूरत है। निताई प्ले स्कूल में संस्कार के साथ अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। गांव के विकास के लिए चिंतन-मनन काम किया जाएगा। आपके प्रेम-विश्वास से 100 प्रतिशत परिवर्तन देखने को मिलेगा। शिक्षकों को प्रोत्साहन करना होगा। हमें प्रतिभाओं को मौका देना होगा। शिक्षा एवं शिक्षक का सम्मान करिये।

कुश्ती महासंघ कौशल सोनी ने समस्त ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निताई प्ले स्कूल स्कूल में संस्कार के साथ-साथ अच्छी शिक्षा मिलेगी। मनेसिया ग्राम शिक्षा के क्षेत्र में एक अपनी अलग जगह बनाएगा। बड़ी बड़ी बिल्डिंग से नहीं अपितु अच्छा ज्ञान अच्छे शिक्षकों से मिलता है।

रिछारिया पंडित जी ने समस्त ग्राम वासियों से आग्रह किया कि हम सब शिक्षकों का मनोबल बढ़ाएं यह स्कूल हमारे बच्चों के भविष्य को संवारेगा। हमसे जितना सहयोग हो सके का हम करेंगे।

विचार समिति कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने समस्त ग्राम वासियों से शिक्षा की आवश्यकताओं पर बातचीत की। उन्होंने कहा की हमें बच्चों की माताओं को भी शिक्षा से जोड़ना होगा। जब माताएं अपने बच्चों को पढ़ाता देखेगी तो निश्चित तौर पर बेहतर शिक्षा के लिए प्रयास करेगी। पूजा प्रजापति एवं भाग्यश्री राय ने साक्षरता एवं प्रकृति को संदेश देने की कियात्मक गतिविधि करवाई।

निताई प्ले स्कूल प्रिंसिपल प्रियंका कुशवाहा ने कहा बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से किताबी ज्ञान से जोड़ना होगा। हमारे स्कूल की शुरुआत कक्षा नर्सरी से सेकेंड कक्षा तक है। हमारा लक्ष्य नर्सरी से 12 वी कक्षा तक ले जाना है।

मंच संचालन कर रही साक्षी दांगी ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, ग्राम वासियों के लिए निताई प्ले स्कूल की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम ढकरानिया सरपंच श्रीमती भाग्यदेवी सुंदर सिंह, पीपरा सरपंच नरेंद्र ठाकुर, आकाश जैन, सुरेश चंद्र बीड़ी वाले, महाराज सिंह दांगी, गजराज राजपूत, मुन्नालाल पटेल, हेमंत पटेल, बच्चों के अभिभावक धीरेंद्र पटेल, बाबू पटेल के साथ विचार टीम उपस्थित थी।

# आयोजन... स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत नारियल पौधरोपण प्रतियोगिता



**सागर** | भारत पेट्रोलियम के स्वच्छता पखवाड़ा अभियान को घर-घर तक पहुंचाने के लिए वात्सल्य स्कूल में नारियल पौधरोपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को रोजाना नारियल पानी पीने के फायदे बताए गए। इसके बाद खाली नारियल के खोल पर पेंटिंग के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसमें विद्यार्थियों ने एक पौधा भी लगाया। विचार समिति उपाध्यक्ष सौरभ रांधेलिया ने बताया कि हमें अनुपयोगी चीजों का उपयोग करना चाहिए। ताकि प्रदूषण कम हो और पौधे लगाना चाहिए। सेल्स ऑफिसर बीपीसीएल श्रीप्रकाश भी प्रतियोगिता में मौजूद थे।

दैनिक भास्कर सागर 10-07-2023

# मीडिया कवरेज

**मंडे पॉजिटिव** • रासायनिक खाद व कीटनाशक की जरूरत नहीं, जैविक खाद से ही अच्छी पैदावार, शुगर लेवल कम व प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है

## जिले में हड़प्पा कालीन सोना-मोती गेहूं की खेती, 1 एकड़ में 10 क्विंटल पैदावार

भास्कर संवाददाता | सागर

आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर से प्रेरणा लेकर शहर के किसान ने हड़प्पा कालीन सोना-मोती गेहूं की खेती शुरू की है। अन्य किस्म के गेहूं की अपेक्षा इस किस्म की पैदावार अच्छी है। इसके अलावा यह गेहूं सेहतमंद भी है। साथ ही इस उपज के बाजार दाम भी अच्छे मिल रहे हैं। इस किस्म में गेहूं की खेती किसानों के लिए मुनाफे का सौदा हो सकती है।

शहर के उद्योगपति, किसान और विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि इस गेहूं के गुणों की जानकारी मिलने के बाद श्रीश्री रविशंकर ने देश में इसका उत्पादन करने के लिए प्रचार-प्रसार किया। उनसे प्रेरणा लेकर मैंने मनेशिया गांव स्थित अपनी 20 एकड़ भूमि में सोना-मोती गेहूं की खेती पूर्णतः जैविक तरीके से शुरू की। पहली ही बार में एक एकड़ क्षेत्र में 10 क्विंटल पैदावार हुई। इसके अलावा बाजार में इसका दाम भी अन्य किस्म के गेहूं से चार गुना ज्यादा मिला। कृषि वैज्ञानिकों ने गेहूं की इस पुरातन देसी किस्म का परीक्षण कर यह निष्कर्ष निकाला कि बगैर कीटनाशक और रासायनिक खाद के इसकी पैदावार की जा सकती है। इस गेहूं की पैदावार प्रति एकड़ 10 क्विंटल से अधिक होती है।



यह सोना-मोती किस्म का गेहूं है। इसका दाना गोल होता है।

### शुगर और हृदय रोगियों के लिए लाभकारी सोना-मोती गेहूं

इस गेहूं में चीनी की मात्रा कम होती है। ग्लूटेन और ग्लाइसीमिक तत्व कम होने के कारण यह डायबिटीज और हृदय रोग पीड़ितों के लिए लाभकारी है। ऐसे लोग जो गेहूं, जौ या सरसों से बनी चीजों का सेवन नहीं कर पाते वे इसका उपयोग कर सकते हैं। फोलिक एसिड शरीर में डेमेज हो चुके सेल्स को रिपेयर करने का काम करता है। इससे हमारा पाचन अच्छा होता है। फोलिक एसिड महिलाओं में एनीमिया को ठीक करने में मदद करता है।

### बाजार में दाम 90 रुपए किलो से ज्यादा

बाजार में इस गेहूं का दाम 4 गुना अधिक मिल रहा है। सोना-मोती गेहूं सामान्य गेहूं के मुकाबले बाजार में 9000 रुपए प्रति क्विंटल के दाम पर बेचा जा रहा है। पोषक तत्वों से भरपूर होने के चलते इस गेहूं की मांग दूसरे गेहूं के मुकाबले ज्यादा है। इस गेहूं का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। इसका दाना लंबा नहीं बल्कि गोल होता है। अन्य अनाज की अपेक्षा 3 गुना अधिक फोलिक एसिड, प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, मैग्नीशियम एवं आयरन है। लगभग 267 प्रतिशत अधिक खनिज और 40 प्रतिशत अधिक प्रोटीन पाया जाता है। ग्लूटेन और ग्लाइसीमिक तत्व कम होने के कारण शुगर लेवल कम होता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

### पहली बार दोगुना खर्च, दूसरे साल से घटने लगता है

मलैया ने बताया कि फिलहाल इसका बीज पंजाब, इंदौर और सागर में मेरे पास उपलब्ध है। सोना-मोती किस्म के गेहूं की खेती में शुरूआत में सामान्य किस्म के बीज की खेती की अपेक्षा दोगुना खर्च आता है। लेकिन इसमें घबराने की जरूरत नहीं है। इसका मूल्य अधिक मिलने से भरपाई हो जाती है। दूसरे साल से खर्च घटने लगता है और किसान उत्पादित हुई फसल से ही बीज तैयार कर सकते हैं। चूंकि इसमें रासायनिक खाद और कीटनाशकों की जरूरत नहीं होती इसलिए साल दर साल खर्च घटता चला जाता है। बीज और खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। रासायनिक खाद का उपयोग करने से गेहूं का स्वभाव बदल जाता है। फिर इसका बाजार में सामान्य किस्म की तरह ही दाम मिलेगा।

# गांव को बदलने का शिक्षा हमारा पहला कदम है : कपिल मलैया

## ग्राम मनेसिया कला में निताई प्ले स्कूल का शुभारंभ



**जन चिंगारी- गजेंद्र ठाकुर**

सागर। विचार समिति द्वारा संचालित निताई प्ले स्कूल का शुभारंभ ग्राम मनेसिया कला में किया गया। कार्यक्रम में विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि शिक्षा हमारा पहला कदम है, गांव को बदलने का, प्राचीन भारत में गुरुकुल परंपरा शिक्षा व्यवस्था पूरे विश्व में सबसे अच्छी थी। आजकल हम देख रहे हैं बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। इसका कारण विदेशी सभ्यता का शिकार हो रहे हैं। हम यह नहीं कह रहे कि सब से 100% परिवर्तन देखने को मिलेगा। शिक्षकों को प्रोत्साहन करना होगा। हमें प्रतिभाओं को मौका देना होगा। शिक्षा एवं शिक्षक का सम्मान करिये।

कुश्ती महासंघ कौशल सोनी ने समस्त ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निताई प्ले स्कूल स्कूल में संस्कार के साथ-साथ अच्छी शिक्षा मिलेगी। मनेसिया ग्राम शिक्षा के क्षेत्र में एक अपनी अलग जगह बनाएगा। बड़ी बड़ी बिल्डिंग से नहीं अपितु अच्छा ज्ञान अच्छे शिक्षकों से मिलता है।

समिति कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने समस्त ग्राम वासियों से शिक्षा की आवश्यकताओं पर बातचीत की। उन्होंने कहा की हमें बच्चों की माताओं को भी शिक्षा से जोड़ना होगा। जब माताएं अपने बच्चों को पढ़ाता देखेगी तो निश्चित तौर पर बेहतर शिक्षा के लिए प्रयास करेंगी। पूजा प्रजापति एवं भाग्यश्री राय ने साक्षरता एवं प्रकृति को संदेश देने की क्रियात्मक गतिविधि करवाई। निताई प्ले स्कूल प्रिंसिपल प्रियंका कुशवाहा ने कहा बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से किताबी ज्ञान से जोड़ना होगा। हमारे स्कूल की शुरुआत कक्षा नर्सरी से सेकेंड कक्षा तक है। हमारा लक्ष्य नर्सरी से 12 वी कक्षा तक ले जाना है। मंच संचालन कर रही साक्षी दांगी ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, ग्राम वासियों के लिए निताई प्ले स्कूल की जानकारी दी।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम ढकरानिया सरपंच श्रीमती भाग्यदेवी सुंदर सिंह, पीपरा सरपंच नरेंद्र ठाकुर, आकाश जैन,

# हमारे सहयोगी

O.P. Jindal Global University
A Private University Promoting Public Service

TISS
Tata Institute Of Social Sciences

UPES
UNIVERSITY OF THE FUTURE

BHU
Banaras Hindu University

QUEST ALLIANCE

Goodera

ConnectAID
The International Solidarity Network

learning initiatives for india

meraadhikar
one nation. one platform

Lyvefresh®

TechPose

BENNETT UNIVERSITY
TIMES OF INDIA GROUP

ACADEMIA FOR SUSTAINABLE DEVELOPMENT

POLICY RESEARCH FOUNDATION
PRF

NCD NAVJIVAN CENTER FOR DEVELOPMENT
We Design Your Growth Story

danamojo
experience the magic of giving

IIMT
GROUP OF COLLEGES
Greater Noida • Meerut
— Aim For Excellence —

Dr. H.S. Gour University
Sagar [M.P.]

THE ART OF LIVING®

Rotary
Club of Sagar

STEP-AHEAD
Fellowship
Preparation-Support
MGNF, Gandhi Fellow, Urban Fellow, SBI Youth, TFI etc.

INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT ROHTAK

भारत विकास परिषद
Bharat Vikas Parishad
Sagar [M.P.]

ISRN

Edu-Vitae
Services
JOIN! LEARN! ACHIEVE!

India is Us!
i2u Social Foundation

संजीवनी बाल आश्रम

For HER Foundation
Hygiene | Empowerment | Respect

॥ विचार समिति ॥
( स्थापना वर्ष 2003 )

# निवेदन

आपसे निवेदन है कि अधिक से अधिक मात्र में दान देकर इस मुहिम को आगे बढाने में सहयोग करें ।
दान राशि बैंक खाते में डालने हेतू जानकारी इस प्रकार है ।

Bank - State Bank of India
Bank A/c Name - Vichar Samiti
Account No. - 37941791894
IFSC Code - SBIN0000475

Paytm/Phonepe/Googlepay आदि से दान करने के लिए QR कोड को स्कैन करे ।

| VICHAR SAMITI |
powered by: danamojo
cfpay.dmvicharsamiti@icici
UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

## -: संपर्क :-

+91 95757 37475
linkedin.com/in/vichar-samiti
samiti.vichar@gmail.com
www.vicharsamiti.in
Sagar, Madhya Pradesh India

संपादक - आकांक्षा मलैया, प्रबंधक व प्रकाशक - विचार समिति, स्वामित्व - विचार समिति, 258/1, मालगोदाम रोड, तिलकगंज वार्ड, आदिनाथ कार्स प्रा.लि. के पीछे, सागर (म.प्र.), पिन-470002
मुद्रण - तरूण कुमार सिंघई, अरिहंत ऑफसेट, पारस कोल्ड स्टोरेज, बताशा गली, रामपुरा वार्ड, सागर